**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के 1-सोमवार के लिए निर्धारित श्री अशोक अग्रवाल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-15 का उत्तर-**

---

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 15(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि प्रश्न कर्ता का पत्र दिनांक 08 जनवरी, 2024 जो आपको सम्बोधित था एवं श्रीमती रमा निरंजन, व प्रश्न कर्ता सदस्य, का पत्र दिनांक 08 फरवरी, 2024 विकास खण्ड-माधौगंज, जनपद-हरदोई के अन्तर्गत भजेहटा- कुरसथ मार्ग से निकले सम्पर्क मार्ग जो जलिहापुर-समुखा होते हुए नटपुरवा-नेवादा तक सम्पर्क मार्ग का चौड़ीकरण कराये जाने विषयक था, प्राप्त हुआ है? | प्रश्नकर्ता मा0 सदस्य के पत्र दिनांक 08 जनवरी, 2024 एवं 08 फरवरी, 2024 प्राप्त हुये हैं। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्रों के मुख्य बिन्दु क्या थे तथा जनहित में जनपद-हरदोई के अन्तर्गत जनता की वर्णित कठिनाइयों को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर प्रश्नगत मार्ग का चौड़ीकरण/पुर्ननिर्माण करायेगें? | उक्त पत्रों में मुख्य रूप से उल्लिखित मार्ग भजेहटा-कुरसठ-पहुँतेरा (अ0जि0मा0) के किमी0 01 से जलिहापुर-समुखा-नटपुरवा-नेवादा होते हुए भजेहटा-कुरसठ-पहुँतेरा (अ0जि0मा0) के किमी0 08 पर मिलता है। मार्ग की कुल लम्बाई 4.50 किमी0 है, जिसमें निम्न मार्ग सम्मिलित है-<br>1. भजेहटा-कुरसठ-पहुँतेरा के किमी0 01 से सिंघरौली मार्ग लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व का है, जो ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है।<br>2.जलिहापुर से समुखा तक मार्ग लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व का है, जो ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है।<br>3.नटपुरवा से नेवादा मार्ग जिला पंचायत के स्वामित्व का है, जो कि ग्रामीण श्रेणी का मार्ग है।<br>प्रश्नगत मार्ग ग्रामीण मार्ग होने के कारण मार्ग का चौडीकरण लोक निर्माण विभाग में प्रचलित किसी भी योजना से आच्छादित नहीं है। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपर्युक्तानुसार |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | उपर्युक्तानुसार |

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री।**